5th class Hindi Bodh Ch. 3 Ques. Ans

मौखिक

1)प्रश्नों के उत्तर बताओ_

क) **लेखिका को देश प्रेम के बारे में किसने समझाया ?**

उत्तर- लेखिका को देश प्रेम के बारे में उसके पिताजी ने समझाया।

ख) **देश प्रेम का सर्वश्रेष्ठ रूप क्या है?**

उत्तर- देश प्रेम का सर्वश्रेष्ठ रूप ईमानदारी से कर्तव्य पालन करना तथा जरूरतमंद की सहायता करना है ।

ग) लेखिका किसके अवसर तलाशने लगी?

उत्तर- लेखिका देश के लिए कुछ करने के अवसर तलाशने लगी।

ग) **मजदूर को किस की सहायता से रिक्शे में बिठाया गया ?**

उत्तर- मजदूर को रिक्शेवाले की सहायता से रिक्शे में बिठाया गया।

लिखित

2)प्रश्नों के उत्तर बताओ__

क) **सैनिकों के बारे में पढ़कर लेखिका क्या सोचती थी ?**

उत्तर- सैनिकों के बारे में पढ़कर लेखिका सोचती थी कि क्या केवल सैनिक ही देश के प्रति अपना कर्तव्य और प्रेम निभाते हैं,जो सैनिक नहीं है वे लोग अपना देश के प्रति प्रेम और कर्तव्य कैसे व्यक्त करें ।

ख) **रिक्शा वाले को पचास रुपए क्यों दिए गए ?**

उत्तर- मजदूर को उसके घर पहुँचाने के लिए रिक्शे वाले को पचास रुपए दिए गए।

ग) **लेखिका की माँ ने लेखिका की पीठ क्यों थपथपाई ?**

उत्तर- लेखिका की माँ ने उसकी पीठ जरूरतमंद मजदूर की मदद करने पर थपथपाई ।

घ) **ईश्वर कब हमारे सहायक बन जाते हैं?**

उत्तर- जब हम सच्चे मन से किसी की मदद करना चाहते हैं, तो ईश्वर हमारे सहायक बन जाते हैं।

ड़) इस पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

उत्तर- इस पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि दुखी मानव की सेवा और सहायता ही सच्चा देश प्रेम है । देश के प्रति कर्तव्य पालन करके ही देश की प्रतिष्ठा और सम्मान की रक्षा की जा सकती है ।